अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

कोनी पुलिस थाना के सामने, बिलासपुर–रतनपुर मार्ग, कोनी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) 495009

ई–मेल : registrar@bilaspuruniversity.ac.in Website : www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 1095 / अका. / 2023 बिलासपुर, दिनांक 16.09.2023

–:: अधिसूचना ::–

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्र. एफ 17–95 / 2017 / 38–2 पार्ट–1 नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर दिनांक 15.09.2023 द्वारा छात्रहित की दृष्टि से महाविद्यालयों में सीट रिक्त रहने की स्थिति में प्रवेश हेतु प्राचार्य स्तर पर 20.09.2023 तक एवं कुलपति की अनुमति से दिनांक 27.09.2023 तक प्रवेश दिये जाने की तिथि में वृद्धि करने की अनुमति प्रदान की गई है।

उक्त पत्र के परिपालन में शैक्षणिक सत्र 2023–24 हेतु विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों में संचालित हो रहें कक्षाओं (स्नातक / स्नातकोत्तर / डिप्लोमा / पी.जी.डिप्लोमा पाठ्यक्रमों) में **रिक्त सीटों में ऑनलाईन प्रवेश हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य स्तर पर दिनांक 20.09.2023 तक एवं माननीय कुलपति महोदय के अनुमति से प्रवेश तिथि में दिनांक 27.09.2023 तक वृद्धि की जाती है।**

नोटः–

1. **प्रवेश की अंतिम तिथि पश्चात् प्रवेशित छात्र–छात्राओं की सूची माननीय कुलपति महोदय से अनुमोदन हेतु दिनांक 30.09.2023 तक विश्वविद्यालय को प्रेषित करना अनिवार्यतः सुनिश्चित करें।**
2. **कृपया पोर्टल पुनः खोलने हेतु महाविद्यालय पोर्टल के डेस्क बोर्ड पर ऑनलाईन Open Request डाले, तभी ऑनलाईन पोर्टल खोलना संभव हो सकेगा।**
3. **नये पाठ्यक्रम अथवा नवीन महाविद्यालय के संदर्भ में महाविद्यालय ऑनलाईन इंटेक अपडेट करेंगे।**
4. **प्रवेशित छात्र–छात्राओं का प्रवेश तत्काल लॉक करना अनिवार्य है।**
5. **महाविद्यालय की सीट भर जाने के बाद ऑनलाईन Reopen Request को महाविद्यालय द्वारा Delete करना अनिवार्य है।**

आदेशानुसार

कुलसचिव

पृ.क्रमांक / 1096 / अका. / 2023 बिलासपुर, दिनांक 16.09.2023

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अपर संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, उच्च शिक्षा, बिलासपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
3. परीक्षा नियंत्रक / अधिष्ठाता, छात्र कल्याण / वित्त अधिकारी / उप कुलसचिव (प्रशासन) / सहायक कुलसचिव (परीक्षा एवं गोपनीय विभाग) को सूचनार्थ प्रेषित।
4. समस्त विभागाध्यक्ष, वि.वि.शिक्षण विभाग, अटल बिहारी वाजपेयी वि.वि., बिलासपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
5. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी वि.वि., बिलासपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ प्रेषित।
6. जनसंपर्क अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ प्रेषित।
7. प्रभारी हेल्प डेस्क, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ प्रेषित।
8. विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड़ हेतु।

कुलसचिव